**दिनांक : 20.06.2025** **समय : 02.10pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

## प्रधानमंत्री बिहार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के सिवान में आज करीब पांच हजार नौ सौ करोड रूपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और आधारशिला रखी। इनमें शहरी विकास, सीवेज प्लांट, पीएम आवास योजना, रेल और बिजली क्षेत्र की परियोजना शामिल हैं। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि

## योग दिवस– देश

संस्कृति मंत्रालय देश के 100 प्रतिष्ठित पर्यटन स्थलों और 50 सांस्कृतिक स्थलों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में कल 21 जून को विशाखापत्तनम में मुख्य समारोह में शामिल होगे।

संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जोधपुर के मेहरानगढ़ किले में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके अलावा यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल जैसे चराइदेव मैदान –असम, रानी की वाव और धोलावीरा –गुजरात, हम्पी और पट्टाडकल –कर्नाटक, खजुराहो स्मारक समूह और सांची स्तूप–मध्य प्रदेश, कोणार्क में सूर्य मंदिर,एलिफेंटा गुफाएं और तंजावुर के बृहदेश्वर मंदिर में भी कार्यक्रम होगें।

## योग दिवस–प्रदेश

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कल प्रदेश में भी सभी शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक योग प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन सुबह 6 बजे से 7 बजकर 45 मिनट तक होगा। इसमें प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के उद्बोधन कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण किया जायेगा। इंदौर के राजवाड़ा पर आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल होंगे।

जबलपुर में रानीताल स्थित खेल मैदान में आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह मुख्य अतिथि होंगे। रायसेन जिले में विश्व योग दिवस का आयोजन जिला खेल परिसर में आयोजित किया गया है।

आकाशवाणी ने भी आम लोगों से योग करने की अपील की है।

**गौशाला सम्मेलन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अब से कुछ देर में मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश के गौ–पालकों एवं गौशाला संचालकों से संवाद करेंगे। साथ ही गौशालाओं को लगभग 90 करोड़ रूपये की राशि अंतरित करेंगे। सम्मेलन में प्रदेश के सभी जिलों से शासकीय एवं अशासकीय गौ–शाला संचालक एवं प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन में आचार्य विद्यासागर जीव दया गौ–सेवा सम्मान योजना के अंतर्गत चयनित गौ–शालाओं एवं संस्थाओं को गौ–सेवा पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे।

**सदानीरा समागम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम 6 बजे भोपाल के भारत भवन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सदानीरा समागम का शुभारंभ करेंगे। समागम का आरंभ ऋषिकेश पांडे द्वारा निर्देशित लघु फिल्म 'सदानीरा' के लोकार्पण से होगा। 'सदानीरा समागम' देश में ऐसा अकेला समारोह है जो नदियों, जलस्रोतों, जल संरचनाओं को संवर्धित एवं संरक्षित करने के लिए विविध गतिविधियों से भरा है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब साहित्य, कला व विज्ञान सहित अनेक माध्यमों के लगभग 200 से अधिक वैज्ञानिक, पुरातत्वविद, साहित्यकार, लेखक, पत्रकार, सिने अभिनेता व नाट्य कलाकार सहभागी बनेंगे।

**मौसम**

प्रदेश में बारिश का दौर लगातार जारी है। मौसम विभाग ने आज अशोकनगर, गुना, दमोह, पन्ना, सतना, मैहर, रीवा और मऊगंज में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत प्रदेश के बाकी जिलों में गरज–चमक, आंधी और बारिश होने की संभावना है। अगले 4 दिन तक पूरे प्रदेश में आंधी–बारिश का दौर बना रहेगा। शिवपुरी और गुना जिलों में आज सुबह से ही हो रही बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

वहीं कल भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, रतलाम, मंदसौर, नीमच, राजगढ़, अशोकनगर और हरदा समेत कई जिलों में बारिश हुई। मालवा क्षेत्र में भारी बारिश के चलते नदी नाले उफान पर आ गए।

## समाचार संक्षेप में .....

- रायसेन जिले में बौद्ध स्तूप सांची, भीम बैठिका तथा भोजपुर शिव मंदिर को रेड फ्लाई जोन घोषित किया गया है।
- शिवपुरी जिले के पुलिस आरक्षक हजारीलाल बघेल की ड्यूटी के दौरान मौत पर दुर्घटना बीमा की 1 करोड राशि का चेक पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने मृतक आरक्षक के परिजनों को सौंपा।

और

- जबलपुर जिले में कल शासकीय मॉडल आईटीआई में आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में 247 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों द्वारा प्रारंभिक रूप से चयन किया गया।

**नमस्कार।**